हादसा | आयुष्मान आरोग्य मंदिर सकोला में बड़ा हादसा टला, ऑयरन सुक्रोज चढ़ाते समय टूटी छत

# छत का प्लास्टर गिरा, सीएचओ बाल-बाल बचे



**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सकोला से मंगलवार की दोपहर एक बड़ी घटना सामने आई है। जहां अस्पताल के एएनसी कक्ष में गर्भवती महिला को आयरन सुक्रोज चढ़ाने की तैयारी के दौरान बेड के ऊपर छत का प्लास्टर अचानक से गिर गया। हादसे में गर्भवती महिला सहित सीएचओ अंशु मिंज बाल-बाल बची।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 5 महीनों में यह दूसरी बार छत गिरने की घटना है। जानकारी के अनुसार विकासखंड कोतमा के कई उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर हालत में है। इससे पहले भी अगस्त ाह में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बदरा में भी छत का प्लास्टर गिरने से एक बड़ा हादसा टला था।

**सीलिंग से पानी के रिसाव पर नहीं दिया गया ध्यान**

कर्मचारियों के अनुसार फॉल्स सीलिंग के भीतर लंबे समय से पानी का रिसाव हो रहा था, जिस कारण छत अंदर से कमजोर होकर अचानक टूट गई। बरसात के दौरान पानी भरने और रिसाव की शिकायतें पहले भी उठ चुकी हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सीएचओ अंशु मिंज ने बताया कि मैं मरीज को आयरन सुक्रोज लगाने ही वाली थी, तभी छत गिरने लगी। हम घबरा गए और भागकर बाहर आए।

**अस्पताल की जानलेवा खामियों को कब गंभीरता से लेंगे?**

सीएचओ ने कहा कि अधिकारियों को सूचना दे दी, लेकिन अभी तक कोई भी निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा है। घटना पर सीएमएचओ अलका तिवारी का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही कोतमा बीएमओ केएल दीवान को मौके पर भेजा जाएगा। लोगों का कहना है कि अगर बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होगी, तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। सवाल यह है कि अस्पताल की जानलेवा खामियों को जिम्मेदार कब गंभीरता से लेंगे?

**बीपीएम ने किया उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण**

घटना की जानकारी के अनुसार सूचना मिलते शाम लगभग 5.30 बजे बीएमओ कोतमा केएल दिवान सहित बीपीएम अजय सोनी ने मौके पर पहुंच कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर सकोला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सकोला की सरपंच राधा बाई कंवर भी मौके पर पहुंची। जहां उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर पाया गया। इसके बाद सरपंच राधा बाई कंवर से पंचायत की अन्य खाली पड़ी बिल्डिंग में शिफ्ट करने की बात कही गई।



# बच्चों ने मनमोहन आकृतियों को दिया आकार

**विश्व दिव्यांग दिवस पर खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**

**कोतमा नवभारत 2 दिसंबर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार बीआरसी कोतमा में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद आयोजित किए गए। इसमें दिव्यांग बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

प्रात: 10:00 बजे से ही दिव्यांग बच्चों का आगमन परिसर पर होने लगा था। 12 बजते बजते लगभग समस्त बच्चे उपस्थित हो चुके थे। सर्वप्रथम बच्चों का पंजीयन कर इच्छा अनुसार उनकी रुचि को देखते हुए रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ और लंबी दौड़ का आयोजन किया गया। बच्चों को रंगोली और चित्रकला के लिए विभिन्न प्रकार के रंग और ड्राइंग शीट के साथ कलर सामग्री उपलब्ध करवाई गई थी, जिसमें दिव्यांग बच्चों ने मनमोहन आकृतियों को आकार दिया।

**बच्चों को किया गया पुरस्कृत**

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया एवं अन्य सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया, साथ ही साथ सभी बच्चों को गर्म कपड़े भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रभारी बीआरसी दीपक तिवारी के साथ समस्त बीआरसी स्टॉप के सदस्य बृजेश सोनी, मनोज सोनी, राजेंद्र प्रसाद दोहरे एमआरसी सुरेश मिश्र के साथ जन शिक्षक अजय सोनी और अंजनी तिवारी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

# ग्राम पंचायत जारी करेगी परिचय पत्र

**नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए जिला पंचायत सीईओ के निर्देश**



**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** मां नर्मदा को दैवीय जीवनदायिनी के रूप में पूजा जाता है और हर वर्ष हजारों श्रद्धालु अमरकंटक से लेकर अरब सागर तक एवं पुन: अमरकंटक लौटकर नर्मदा परिक्रमा पूर्ण करते हैं। परिक्रमा के इस पवित्र मार्ग पर चलते समय श्रद्धालुओं को कई बार अपनी पहचान सिद्ध करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए अब नर्मदा परिक्रमा वासियों को ग्राम पंचायत द्वारा परिचय पत्र जारी किए जाएंगे। इस संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**परिक्रमावासियों को आवेदन देना होगा**

नर्मदा परिक्रमावासियों को अपनी ग्राम पंचायत में सादे कागज पर आवेदन देना होगा। आवेदन के साथ दो फोटो, एक परिचय आईडी, जोड़ना आवश्यक होगा। ग्राम पंचायत आवेदन प्राप्त होते ही निर्धारित प्रारूप-2 में प्रमाण पत्र जारी करेगी तथा प्रारूप-3 में पंजी संधारित करेगी। इस प्रमाण पत्र से परिक्रमा वासियों को नर्मदा घाटी से लगे किसी भी ग्राम में प्रवेश करने में सुविधा होगी। यात्रा के दौरान आवश्यक होने पर अपनी पहचान प्रमाणित करने में आसानी होगी।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 63 आवेदकों की समस्याएं सुनीं

**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रे ट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कुल 63 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने आवेदकों की समस्याएँ विस्तार से सुनीं।

# दो वर्ष से फरार गांजा तस्कर गिरफ्तार

**पानी की बोतलों के नीचे छुपा कर कर रहा था 478 किलो ग्राम गांजा की तस्करी**



**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** जिले की फुनगा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वर्ष से फरार चल रहे गांजा तस्कर कमलेश मरार को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी पर 478 किलोग्राम अवैध गांजा तस्करी का गंभीर आरोप है।

यह मामला 2 दिसंबर 2023 का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बिना नंबर की सफेद महिंद्रा बोलेरो पिकअप में बदरा से अनूपपुर की ओर अवैध गांजा ले जाया जा रहा है। तस्कर गांजे को मिनरल वाटर की बोतलों के कैरेट के नीचे प्लास्टिक की बोरियों में छिपाकर ले जा रहे थे। सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी की। पुलिस को देखकर वाहन में बैठे दो व्यक्ति चलती गाड़ी से कूदकर फरार हो गए। वाहन की तलाशी में 15 प्लास्टिक की बोरियों में कुल 478 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 57 लाख 38 हजार 400 रुपए बताई गई थी।

**न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया**

फुनगा चौकी में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। लगातार तलाश के बावजूद कमलेश मरार फरार था। हाल ही में पुलिस को मुखबिर से उसकी लोकेशन का सुराग मिला। साइबर सेल की मदद से उसकी गतिविधियों को ट्रैक किया गया और पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**एक नजर में**

## हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास




**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** जिले की प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पटेल की अदालत ने भिखारी की हत्या के मामले में दो आरोपियों भोला पाव तथा राजेश सोनवाली उर्फ राजू को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 8 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि 7 दिसंबर 2021 को अनूपपुर कोतवाली में सूचना मिली कि फैयाद मोहम्मद के घर के पीछे कच्चे रास्ते के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू की। जांच के दौरान संदेह के आधार पर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

**लोक अभियोजक ने 33 दस्तावेज पेश किए**-पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि भिखारी शनि बाबा से विवाद होने पर मारपीट की गई, जिसके दौरान उसकी हत्या हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि हत्या में प्रयुक्त चाकू और डंडे को पास के पेड़ के पास छिपा दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। मामले की सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक ने 15 साक्षियों के बयान और 33 दस्तावेज पेश किए। प्रस्तुत साक्ष्यों, तर्कों और मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



## नेत्र चिकित्सा सहायक अनिल सेवानिवृत्त

**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** स्वास्थ्य विभाग में निष्ठापूर्वक सेवा देने वाले नेत्र चिकित्सा सहायक अनिल कुमार सिंह सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें ससम्मान बिदाई दी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, डॉ. एस.सी. राय, डॉ. प्रवीण उर्मालिया, डॉ. साकेत कौशिक, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह सहित अस्पताल का समस्त नर्सिंग एवं गैर-चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने अनिल कुमार सिंह की चार दशकों की समर्पित सेवा, मरीजों की निस्वार्थ देखभाल और कार्यस्थल पर उनके सहयोगी स्वभाव की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि अनिल कुमार सिंह ने अपनी तकनीकी दक्षता, अनुशासन और मानवीय व्यवहार से जिला अस्पताल को एक परिवार जैसा बनाया। उन्हें सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान किए गए। अपने भावुक संदेश में अनिल कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, जिला अस्पताल मेरी दूसरी जिंदगी और परिवार रहा, यहां का हर पल मेरे लिए अविस्मरणीय है।

## सुनील सराफ एआईसीसी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त

**कोतमा नवभारत 2 दिसंबर।** कोतमा विधानसभा के पूर्व विधायक और संघर्षशील कांग्रेस नेता सुनील सराफ को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पिछड़ा वर्ग विभाग में राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर पूरे जिले में हर्ष की लहर है। उनके चयन को संगठन में सक्रियता, निष्ठा और वर्षों के जमीनी संघर्ष की पहचान माना जा रहा है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुड्डू चौहान, पुष्पराजगढ़ विधानसभा के विधायक फुन्देलाल लाल सिंह मार्को, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजन राठौर, आशीष त्रिपाठी, धर्मेंद्र सोनी, पुरुषोत्तम चौधरी आदि ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# घोड़े पर सवार होकर परिक्रमा पर निकले देवीदास

**अमरकंटक पहुंचने पर कहा- पशु को भी मिलेगा पुण्य**



**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** जिले स्थित पवित्र नगरी अमरकंटक में मंगलवार को श्रद्धालुओं के बीच अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब देवास के महात्मा देवीदास घोड़े पर सवार होकर माई की बगिया पहुंचे। जैसे ही लोगों को पता चला कि वे घोड़े पर बैठकर नर्मदा परिक्रमा कर रहे हैं, उन्हें देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने जब उनसे इस अनोखे ढंग से परिक्रमा करने का कारण पूछा तो महात्मा देवीदास ने बताया कि यह उनकी गहरी आस्था का विषय है। उन्होंने कहा कि इस तरह परिक्रमा करने से न केवल उन्हें बल्कि उनके साथ चल रहे पशु को भी पुण्य की प्राप्ति होती है। देवीदास ने देवास से अपनी नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ की है, जो अनुमानत: दो से तीन महीने में पूर्ण होगी।

**विभिन्न तरीकों से होती है नर्मदा परिक्रमा**

धार्मिक मान्यताओं में नर्मदा परिक्रमा का विशेष महत्व बताया गया है। पुराणों के अनुसार, मां नर्मदा की परिक्रमा बड़े सौभाग्य और आध्यात्मिक उत्थान का मार्ग है। संत-महात्मा अपनी श्रद्धा, संकल्प और परंपरा के अनुसार विभिन्न तरीकों से परिक्रमा करते हैं। महात्मा देवीदास द्वारा घोड़े पर बैठकर की जा रही परिक्रमा भी इसी श्रद्धा और संकल्प का प्रतीक है।



# महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरुरी : शिवानी

**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** जिला चिकित्सालय अनूपपुर के वन-स्टॉप सेंटर 'सखी' में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कलेक्टर हर्षल पंचोली की धर्मपत्नी शिवानी पंचोली रहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के शिकार होने पर तुरंत वन-स्टॉप सेंटर या पुलिस से संपर्क करें। शिवानी पंचोली ने महिलाओं को सशक्त बनाने, समाज में उनकी भूमिका को मजबूत करने और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

**बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना मुख्य उद्देश्य**

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में महिलाओं और बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बालिका जन्म को उत्सव के रूप में मनाने का भी संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पास्को अधिनियम 2012, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 से जुड़े प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी सहायता, चिकित्सा सुविधा और मनोवैज्ञानिक समर्थन जैसी सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

# अभद्र बयान पर विप्र समाज की विरोध सभा

**इंदिरा चौक पर किया पुतला दहन, प्रशासन ने स्थल पर ही लिया ज्ञापन**

**अनूपपुर,नवभारत 2 दिसंबर।** अजाक्स कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को अनूपपुर में व्यापक जनाक्रोश देखने को मिला।

जिला विप्र समाज, अखिल भारतीय एकीकृत ब्राह्मण परिषद, अखंड ब्राह्मण समाज एवं आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा चौक हॉस्पिटल के समीप विशाल विरोध सभा एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से सैकड़ों विप्रजन, मातृशक्ति एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**महिलाओं ने प्रतीकात्मक रूप से चूड़ियां भेंट की**

महिलाओं ने संतोष वर्मा का पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया तथा प्रतीकात्मक रूप से चूड़ियां भेंट कर यह संदेश दिया कि किसी भी समाज की महिलाओं की गरिमा पर प्रहार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। इंदिरा चौक पर बनाए गए विशाल पंडाल में जैतहरी, कोतमा, बिजुरी, बर्थरई, बरगवां, देवहरा,कोतमा, मेड़ियारास, वैक्टनगर, सहित दूरस्थ अंचलों से लोग पहुंचे। विरोध की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी स्वयं सभा स्थल पर पहुंचे और ज्ञापन प्राप्त किया।

## नई शिक्षा नीति के तहत 7 छात्रों ने की इंटर्नशिप

**अनूपपुर नवभारत 1 दिसंबर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के राजनीतिक विज्ञान विभाग के सात छात्रों ने प्रणाम नर्मदा युवा संघ में 15 दिवसीय नई शिक्षा नीति के तहत इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रवेश लेकर समाज सेवा के विभिन्न आयामों पर अनुभव प्राप्त किया। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों को अनिवार्य रूप से इंटर्नशिप करना होता हैं।

खेल महोत्सव | सांसद खेल महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम, फुटबॉल ग्राउंड में खिलाड़ियों में देखने मिला जोश

# खेल अनुशासन व सकारात्मक सोच करते हैं विकसित : सांसद



**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** जिले के जमुना कोतमा क्षेत्र में सोमवार को सांसद हिमाद्री सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित खंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव उत्साह और उमंग के बीच संपन्न हुआ।

जमुना कॉलोनी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित इस खेल महोत्सव में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और युवा खिलाड़ियों ने भाग लेकर मैदान में अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैदान में खिलाड़ियों का जोश और ऊर्जा देखने लायक रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

**युवा पढ़ाई व खेल में संतुलन बनाए रखें : हिमाद्री**

कार्यक्रम की शुरुआत सांसद हिमाद्री सिंह के प्रेरक संदेश से हुई। उन्होंने युवाओं से कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और सकारात्मक सोच भी विकसित करते हैं। साथ ही युवाओं को पढ़ाई और खेल दोनों में संतुलन बनाए रखने की सलाह दी।

**ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को दिशा देने का कार्य करते हैं : द्विवेदी**

मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने सांसद हिमाद्री सिंह की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को नई ऊर्जा और टीम भावना प्रदान करती हैं। जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने फिट इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ज़ोर दे रहे हैं। सांसद द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता उसी दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास है।

**युवाओं को मिलता हैं प्रतिभा प्रदर्शन का मौका : यादव**

नगर पालिका पसान के उपाध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे आयोजन नियमित रूप से होते रहने चाहिए ताकि युवा अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने एकमत होकर कहा कि खेलों के माध्यम से ही स्वस्थ और प्रगतिशील समाज की नींव मजबूत होती है। सांसद हिमाद्री सिंह की यह पहल युवाओं को नई दिशा देने वाली साबित होगी।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष धनमती सिंह, सुखविंदर सिंह, पार्षद सरोज लोधी, जिला शिक्षा अधिकारी विकासखंड अधिकारी केके वर्मा, जमुना कॉलरी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अवध राज सिंह सोलंकी, विद्यालय के शिक्षक एवं खेल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला जेल में भगवत गीता के श्लोकों का किया गया सस्वर सामूहिक पाठ

**अनूपपुर, नवभारत 2 दिसंबर।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जेल विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर जिला जेल अनूपपुर में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला जेल के समस्त स्टाफ और परिरुद्ध बंदियों ने श्रद्धा और आस्था के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बंदियों द्वारा श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों का सामूहिक सस्वर पाठ किया गया। उप जेल अधीक्षक इन्द्रदेव तिवारी ने अध्याय 15 के मूल श्लोकों का वाचन करते हुए उनके महत्व और लाभों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने भौतिक संसार की प्रकृति, आत्मा के शाश्वत स्वरूप और परम सत्ता (पुरुषोत्तम) के दिव्य ज्ञान का वर्णन किया है, जो जीवन को सही दिशा और शांतचित्तता प्रदान करता है।